मुझे तेरा सहारा श्री राम

हे राम मेरे प्यारे राम .....मेरे प्यारे राम .... सिया के राम
मुझे तेरा सहारा श्री राम
अयोध्या वाले तेरा सहारा श्री राम
मुझे तेरा सहारा श्री राम ....

बड़ा सुखदाई प्रभु नाम है तुम्हारा
जिसने पुकारा उसको भव से है तारा
सबके बनाये बिगड़े काम मेरे राम सिया राम
मुझे तेरा सहारा श्री राम ....

जब जब दामन को फैलाया
तुमसे प्रभु जी मैंने सब कुछ है पाया
दुखड़े हर लो श्री राम श्री राम श्री राम
मुझे तेरा सहारा श्री राम ....

चाहे हो राजा रंक भिखारी
तुमने सभी की किस्मत सँवारी
कर दो मेरा प्रभु जी कल्याण
मुझे तेरा सहारा श्री राम ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21475/title/mujhe-tera-sahara-shri-ram

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |